website
computer-II

क्र-13
07/08/18

**जिला एवं सत्र न्यायालय , कड़कड़डूमा परिसर स्थित जिलों , पूर्व , शाहदरा व उत्तर-पूर्व** ,की राजभाषा **हिन्दी** अनुभागों **की , दिनांक 30/07/2018, को संपन्न हुई** संयुक्त **बैठक** के **कार्यवृत्त की प्रति** , निम्नलिखित को , अभिलेख , अवलोकन व आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित की जाए :-

9555-9560

**संख्या____/हिन्दी/पूर्व /2018/दिल्ली** **दिनांक 06/08/2018**

**1.** निजि सचिव , जिला एवं सत्र न्यायाधीश , पूर्व जिला , कड़कड़डूमा न्यायालय , दिल्ली
**2.** माननीय जिला एवं सत्र न्यायाधीश कार्यालय , पूर्व-जिला ,उत्तर-पूर्व व शाहदरा जिला ,कड़कड़डूमा न्यायालय दिल्ली
**3** माननीय नोडल अधिकारी , राजभाषा हिन्दी समिति , पूर्व, उत्तर-पूर्व व शाहदरा जिला |
**4.** माननीय प्रशासनिक अधिकारी , राजभाषा हिन्दी अनुभाग , पूर्व,उत्तर-पूर्व व शाहदरा जिला |
**5.** प्रशासनिक अधिकारी (न्यायिक ) प्रभारी , राजभाषा हिन्दी विभाग (मुख्यालय)
**6.** वेबसाइट समिति , पूर्व जिला , कड़कड़डूमा न्यायालय , दिल्ली

(निपुण अवस्थी)
प्रशासनिक दीवानी न्यायाधीश
नोडल अधिकारी
,राजभाषा हिन्दी अनुभाग
कड़कड़डूमा न्यायालय , दिल्ली |

**जिला एवं सत्र न्यायालय , कड़कड़डूमा परिसर स्थित जिलों , पूर्व , शाहदरा व उत्तर-पूर्व** ,की राजभाषा **हिन्दी** अनुभागों **की , दिनांक 30/07/2018, को संपन्न हुई** संयुक्त **बैठक का कार्यवृत्त**

जिला एवं सत्र न्यायाधीश कार्यालय , पूर्व जिला , कड़कड़डूमा में स्थापित राजभाषा हिन्दी अनुभाग द्वारा प्रस्तावित ,( जिसमें अन्य दो जिलों , यथा उत्तर-पूर्व व शाहदरा ज़िलों के राजभाषा अनुभाग से संबंधित अधिकारी व कर्मचारी भी उपस्थित रहे ) बैठक, दिनांक 30/07/2018 को लघु कान्फ्रेंस हाल में बुलाई गई | बैठक में उपस्थिति इस प्रकार रही |

| क्रम | पदाधिकारी का नाम | पदनाम | उपस्थिति |
|---|---|---|---|
| १ | श्री निपुण अवस्थी | अ.दी. न्याया/नोडल अधिकारी ,राजभाषा हिन्दी अनुभाग , (पूर्व), ककडू न्याया | | उपस्थित |
| २. | श्री अमिताभ रावत | व.दीवानी न्यायाधीश , उत्तर- पूर्व जिला कड़कड़डूमा न्यायालय , दिल्ली | उपस्थित |
| ३, | सुश्री विधि गुप्ता | मा. म. दंडाधिकारी ,शाहदरा जिला कड़कड़डूमा न्यायालय , दिल्ली | उपस्थित |
| ४ | सुश्री रेनू शर्मा | प्रशासनिक अधिकारी , उ. पूर्व , राजभाषा हिन्दी अनुभाग , दिल्ली | उपस्थित |
| ५. | सुश्री गीता मनोचा | प्रशासनिक अधिकारी , शाहदरा जिला , राजभाषा हिन्दी अनुभाग , दिल्ली | उपस्थित |

बैठक में उत्तर-पूर्व व शाहदरा जिलों में स्थापित राजभाषा अनुभागों के संबंधित कर्मचारीगण भी उपस्थित रहे, जिनके नाम इस प्रकार हैं :-

श्री उमेश शर्मा , प्रभारी , राजभाषा हिन्दी अनुभाग , पूर्व जिला , श्री अजय कुमार झा , न्यायिक सहायक , हिन्दी अनुभाग , पूर्व जिला , सुश्री मीनाक्षी , कनिष्ठ न्यायिक सहायक ,राजभाषा हिन्दी अनुभाग , उत्तर-पूर्व जिला व श्री पुनीत अरोड़ा, कनिष्ठ न्यायिक सहायक , राजभाषा अनुभाग, शाहदरा जिला |

1. बैठक में , जिला न्यायालय कड़कड़डूमा परिसर स्थित तीनों जिलों , यथा , पूर्व , उत्तर-पूर्व व शाहदरा जिला में राजभाषा हिन्दी के प्रचार-प्रसार व प्रयोग को बढ़ावा देने से संबंधित विषयों पर चर्चा हुई | चर्चा के बाद समिति द्वारा निम्नलिखित अनुशंसाएं प्रस्तुत हैं :-

समिति ने पिछली बैठक दिनांक 07/06/2018 ,के कार्यवृत्त में दी गई अनुशंसाओं और उनपर की गई कार्यवाही/पत्राचार आदि का अवलोकन किया | कड़कड़डूमा न्यायालय परिसर में स्थित तीनों जिलों में , राजभाषा हिन्दी में किए जा रहे कार्य , तथा भविष्य में राजभाषा हिन्दी में किए जा सकने वाले कार्यों हेतु सुझाव व संभावनाएं , आदि की जानकारी से ,माननीय न्यायिक अधिकारियों को संबंधित जिले के राजभाषा हिन्दी अनुभाग के कर्मचारियों द्वारा , अद्यत्ति कराया गया |

2. बैठक में कड़कड़डूमा न्यायालय परिसर स्थित तीनों जिलों में नियुक्त सभी वर्ग के कर्मचारियों को दिए जा रहे , हिन्दी टंकण प्रशिक्षण (युनिकोड) को माननीय न्यायिक अधिकारियों , ने संतोषजनक मानते हुए भविष्य में भी इसे जारी रखने का निर्देश दिया

| माननीय न्यायिक अधिकारियों को सूचित किया गया कि , दिनांक 05/07/18 से 17/07/18 तक तथा 18/07/18 से 28/07/18 तक तीनों जिलों के राजभाषा हिन्दी अनुभाग ने कप्यूटर विभाग के सहयोग से ,तीनों जिलों से 25-25( कुल 75) प्रशिक्षु कर्मचारियों को युनिकोड हिन्दी टंकण का प्रशिक्षण दिया )|

3. बैठक में , कड़कड़डूमा जिला न्यायालय दिल्ली में विविध हिन्दी प्रतियोगिताओं का आयोजन , विषय पर उपलब्ध/प्राप्त , आदेशों ,पत्रों , नियमावली , बजट आवंटन , आदि पर विस्तारपूर्वक विचार विमर्श किया गया | तीनों जिलों के नोडल अधिकारी ,राजभाषा हिन्दी अनुभाग, संयुक्त रूप से ,हिन्दी की विविध प्रतियोगिताओं विषयक सभी बिन्दुओं पर संचालक दिशा निर्देश देंगे | ऐसे आशय पर तीनों जिलों के माननीय जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने भी सहमति जताई | माननीय अधिकारियों ने इसे वरीयता में लेकर इस पर त्वरित अग्रसर होने का आशय प्रकट किया | तीनों जिलों के राजभाषा हिन्दी अनुभाग में पदस्थापित प्रभारी अधिकारी व कर्मचारी संयुक्त रूप से तीनों जिलों के नोडल अधिकारियों के दिशा-निर्देश में , इन प्रतियोगिताओं के संचालन में सहयोग देंगे |

4. कड़कड़डूमा न्यायालय परिसर स्थित पुस्तकालय में , विधिक व प्रशासनिक पुस्तकों/शब्द-कोशों / पत्र-पत्रिकाओं की वर्तमान में उपलब्धता , आदि की जानकारी , उपस्थित सभी अधिकारियों को दी गई | माननीय जिला एवं सत्र न्यायाधीश , पूर्व, उत्तर-पूर्व व शाहदरा के निर्देशानुसार , न्यायालय में उपयोग की जा सकने वाली ,विधिक व प्रशासनिक पुस्तकों, संदर्भ-ग्रंथों, पत्र-पत्रिकाओं , जो कि राजभाषा हिन्दी में हो , की सूची/नाम, पुस्तकालय समिति , केंद्रीय जिला , तीस हज़ारी न्यायालय को प्रेषित किया जाए , ताकि भविष्य में पुस्तकों की क्रय के समय इन पर विचार किया जाए |

इसके साथ ही यह बैठक माननीय जिला एवं सत्र न्यायाधीश पूर्व , माननीय जिला एवं सत्र न्यायाधीश उत्तर-पूर्व व माननीय जिला एवं सत्र न्यायाधीश शाहदरा का आभार व्यक्त करते हुए समाप्त हुई | बैठक के कार्यवृत्त अवलोकन व अभिलेख हेतु , केन्द्रीय कार्यान्वयन समिति , जिला न्यायालय दिल्ली को प्रेषित किया जाए |

(निपुण अवस्थी )
अतिरिक्त दीवानी न्यायाधीश (पूर्व)
नोडल अधिकारी ,
राजभाषा हिन्दी कार्यान्वयन समिति (पूर्व)
कड़कड़डूमा न्यायालय , दिल्ली

(निधि गुप्ता )
महानगर दंडाधिकारी (शाहदरा)
नोडल अधिकारी ,
राजभाषा हिन्दी कार्यान्वयन समिति (शाहदरा)
कड़कड़डूमा न्यायालय , दिल्ली

(अमिताभ रावत)
व. दीवानी न्यायाधीश (उत्तर-पूर्व)
नोडल अधिकारी
राजभाषा हिन्दी कार्यान्वयन समिति (उ.पूर्व)
कड़कड़डूमा न्यायालय , दिल्ली

(राकेश तिवारी )
जिला एवं सत्र न्यायाधीश (पूर्व)
कड़कड़डूमा न्यायालय , दिल्ली

(दीपक जगोत्रा )
जिला एवं सत्र न्यायाधीश (उत्तर-पूर्व)
कड़कड़डूमा न्यायालय , दिल्ली

(ए . एस. जयचंद्रा)
जिला एवं सत्र न्यायाधीश (शाहदरा)
कडकडडूमा न्यायालय , दिल्ली